an>

title: Need to include Dwarkadheesh Temple, Kankroli and Shrinathji Temple, Nathdwara in Rajsamand Parlimentary Constituency, Rajasthan in Krishna Circuit.

श्री हरिओम सिंह राठौड़ (राजसमन्द) ः मैं माननीय पर्यटन मंत्री और विशेषकर आदरणीय प्रधानमंत्री महोदय का आभार व्यक्त करना चाहूंगा कि उन्होंने राम सर्किट, कृष्ण सर्किट व बुद्ध सर्किट बनाने व विकसित करने का निर्णय कर देशी व विदेशी पर्यटन को प्रोत्साहित करने का एक बहुत बड़ा कार्य किया है। इन सर्किटों के विकास से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा अपितु भारतीय संस्कृति को बेहतर तरीके से देखने व समझने का अवसर प्रदान होगा। मेरे लोकसभा क्षेत्र में स्थित श्री द्वारिकाधीश, कांकरोली व श्रीनाथ जी मंदिर, नाथद्वारा पुष्टि-मार्गी सम्प्रदाय के पीठ स्थान हैं। श्री कृष्ण भक्ति में जब तक श्री बल्लभाचार्य के कृष्ण भक्ति दर्शन को सम्मिलित नहीं किया जाता, तब तक कृष्ण भक्ति को पूर्णता प्रदान नहीं की जा सकती है।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि श्री बल्लभाचार्य के पुष्टि-मार्ग दर्शन के इन स्थानों को श्री कृष्ण सर्किट में सम्मिलित कर कृष्ण भक्ति को पूर्णता प्रदान करें।